# भारत सरकार, रेल मंत्रालय
# रेलवे भर्ती बोर्ड

सत्यमेव जयते

## महत्वपूर्ण सूचना

**सीईएन-03/2025- पैरामेडिकल पदों के विभिन्न कोटियो की भर्ती**

**आवेदन स्थिति पर सूचना**

1. दिनांक 09.08.2025 को जारी सीईएन सं. 03/2025 (पैरामेडिकल) के तहत पैरामेडिकल कोटियों के विभिन्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे । आवेदनों की जांच प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अभ्यर्थी दिनांक 09.12.2025 से अपने उपयोगकर्ता क्रेडेंशियल्स से www.rrbapply.gov.in में लॉगिन करते हुए अपने आवेदन की स्थिति (i) अनंतिम रूप से स्वीकृत (ii) शर्तों सहित सशर्त स्वीकृत और (iii) अस्वीकृत (अस्वीकृति के कारण सहित) के अंतर्गत देख सकते हैं।

2. आवेदन स्थिति के संबंध में अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन में उल्लिखित पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी पर एसएमएस और ईमेल भेजा जाएगा ।

3. यद्यपि अनंतिम रूप से योग्य अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने में हर प्रकार की सावधानी बरती गई है, तथापि आरआरबी किसी भी प्रकार की अनजाने में हुई त्रुटी या टाइपोग्राफिकल/प्रिंटिंग गलती को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **आरआरबी इस संबंध में अपात्र/अस्वीकृत अभ्यर्थियों से किसी भी पत्राचार पर विचार करने में अक्षमता के लिए खेद व्यक्त करता है ।**

4. सभी योग्य/स्वीकृत अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी पूर्ण रूप से अनंतिम है और यदि उनके द्वारा आवेदन में कोई असंगति/कमी/असत्य रिकार्ड या तथ्य प्रस्तुत किया जाता है या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थियों द्वारा कोई भी कदाचार आरआरबी के ध्यान में आता है तो उनकी उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण पर या उसके बाद रद्द की जा सकती है ।

5. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया से संबंधित नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट देखें। कृपया अप्रमाणित स्त्रोतों से गुमराह न हों ।

6. अभ्यर्थियों के लिए हेल्पडेस्क :-

9592-001-188 & 0172-565-3333

rrb.help@csc.gov.in

समय – सुबह 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक सोमवार से शुक्रवार

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

**दिनांक : 09.12.2025**

**महत्वपूर्ण नोट:-** **उन दलालों से सावधान रहें जो उम्मीदवारों को अवैध रूप से नौकरी के लिए चयनित करने के झूठे वादों के साथ गुमराह कर सकते हैं । आरआरबी परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत है और चयन पूरी तरह से उम्मीदवारों की योग्यता पर आधारित है ।**